# राष्ट्रीय सेवा योजना
# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर

पत्रांकः **28**/पू0वि0वि0/रा0से0यो0/2022–24 दिनांकः16.09.2023

**प्रेषक**

कार्यक्रम समन्वयक (रा0से0यो0)
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**सेवा में,**

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी (रा0से0यो0)
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**विषयः** आयुष्मानभव एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विषय में जन जागरुकता अभियान चलाये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–3013/पू0वि0वि0/कु0स0/2023 दिनांक–15.09.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके सम्बन्ध में दिनांक–14.09.2023 को राजभवन उत्तर प्रदेश, लखनऊ मे आयोजित 01 दिवसीय परिसंवाद में दिये गये निर्देश के क्रम में आपको अवगत कराया जाता है कि भारत सरकार द्वारा उक्त योजनाएं प्रारम्भ की जा रही है। आयुष्मानभव एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अपने महाविद्यालय में आम जनमानस को जागरुक करके जन–जन तक इस योजना को पहुँचाया जाना है। **इस योजना का प्रथम चरण द्वार चरण है,** जिसमें सभी जनमानस को जागरुक करके कार्ड बनाया जाना है। **दूसरा चरण सभा योजना है जो 17 सितम्बर, 2023 से 02 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा। तीसरा चरण सभा योजना है जिसमें सभाऐं की जानी है तथा वार्ड स्तर पर मेले का आयोजन किया जाना है।** जिसमें विभिन्न गतिविधियां संचालित करके लोगों का जागरुक करना है। इन सभी कार्यक्रमों की फोटोग्राफी करके एकत्रित किया जाना है जिन्हें आवश्यकतानुसार प्रेषित की जायेगी। इस योजना का उद्देश्य स्वस्थ भारत एवं सशक्त भारत बनाना है।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विषय में जागरुकता पैदा करना है। इस का मुख्य उद्देश्य भारतीय परम्परा के लुप्त होते कौशल को पुनर्जीवित कर स्वरोजगार के अवसर विकसित करना है जिससे आत्म निर्भर भारत का निर्माण हो सके।

अतः आपको अवगत कराना है कि प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी एन0एस0एस0 के माध्यम से दोनो योजनाओं के विषय में अधिकतम जागरुकता उत्पन्न करें, जिससे समाज के अन्तिम व्यक्ति को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके तथा यह कार्यक्रम जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उद्योग से सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संचालित कराने का कष्ट करें।

भवदीय

डॉ0(राजबहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव मा0 कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. वेव मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त् सूचना विश्वविद्यालय की वेवसाइट एन0एस0एस0 पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें।

डॉ0(राजबहादुर यादव)
कार्यक्रम समन्वयक